**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 25.08.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस व कोतवाली कोंच पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा हत्या की घटना में वांछित/फरार चल रहे 25,000/- रूपये का इनामियां अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।**

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 10.08.2025 को वादी श्री नितिन कुमार पुत्र श्री जितेन्द्र कुमार निवासी ग्राम घमूरी तहसील कोंच जनपद जालौन द्वारा कोतवाली कोंच में तहरीर दी गयी थी कि दिनांक 09.08.2025 को आरोपीगण मेरे पिता श्री जितेन्द्र कुमार उम्र करीब 46 वर्ष को षड्यन्त्र के तहत एकांत में बुलाकर उनकी हत्या कर दिये हैं वादी की तहरीर के आधार पर कोतवाली कोंच पर मु0अ0सं0 179/25 धारा 191(2)/103(1)/352/351(2)/61(2)(a) बीएनएस बनाम 1. राम प्रसाद 2. अमन सिंह उर्फ मिक्की पुत्र अजय सिंह उर्फ पंकज 3. अमित पुत्र नामालूम 4. राजा पुत्र अजय सिंह उर्फ पंकज 5. अजय सिंह उर्फ पंकज पुत्र राम प्रसाद (पूर्व विधायक) निवासीगण जवाहर नगर कोंच बस स्टैन्ड जनपद जालौन के अभियोग पंजीकृत किया गया था।

आज दिनांक 22.08.2025 को एसओजी/सर्विलांस व कोतवाली कोंच पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी एवं चैकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना जालौन रोड पर बन्द पड़े पेट्रोल पम्प के सामने मुकदमा में वांछित/फरार चल रहे 25,000/- रूपये का इनामियां अभियुक्त रामप्रसाद अहिरवार पुत्र स्व0 चौधरी खचेड़े लाल निवासीगण कोंच बस स्टैण्ड के सामने मोहल्ला जवाहर नगर कस्बा व थाना कोंच जनपद जालौन को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

**मुकदमें में वांछित/फरार चल रहे 25,000/- रूपये का इनामियां अन्य अभियुक्त अमित वाल्मीकि पुत्र चंद्रशेखर उम्र करीब 40 वर्ष निवासी मोहल्ला गांधीनगर कस्वा व थाना कोंच जनपद जालौन द्वारा माननीय न्यायालय उरई में आत्म समर्पण किया गया।**

**थाना कोंच पुलिस द्वारा अभियोग से सम्बन्धित 02 अभियुक्तगण 1. अमन उपरोक्त 2. अजय उपरोक्त को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम –**

1. रामप्रसाद अहिरवार पुत्र स्व0 चौधरी खचेड़े लाल उम्र करीब 81 वर्ष निवासीगण कोंच बस स्टैण्ड के सामने मोहल्ला जवाहर नगर कस्वा व थाना कोंच जनपद जालौन।

**न्यायालय में हाजिर अभियुक्त का नाम पता –**

1. अमित वाल्मीकि पुत्र चंद्रशेखर उम्र करीब 40 वर्ष नि0 मोहल्ला गांधीनगर कस्वा व थाना कोंच जनपद जालौन।

**पुलिस टीम का बिवरण:-**

1.प्रभारी निरीक्षक कोंच मय पुलिस टीम।

2.प्रभारी एसओजी/सर्विलांस सेल मय टीम जनपद जालौन।